तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार, 14 जनवरी 2024

11 सहकारिता सचिव डॉ. प्रसन्ना ने किया धान...



12 संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में आलबरस





## खबर संक्षेप



### 54 पौवा देशी शराब जब्त एक आरोपी पकड़ाया

**दल्लीराजहरा।** जिले में 11 जनवरी को आरोपी अजय कुमार सोनी साकिन वार्ड क्रमांक 12 चिखलाकसा, थाना दल्लीराजहरा के पास से 54 नग पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 9.72 लीटर जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1), 34 (2) एवं 59 (क) के तहत एक प्रकरण कायम कर एक आरोपी को जेल निरुध्द किया गया है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं अवैध रूप से मदिरापान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरूद्ध भी निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

### किसानों ने अब तक बेचा 1243.95 करोड़ का धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 162 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 21 हजार 543 किसानों द्वारा कुल 05 लाख 68 हजार 59 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1243 करोड़ 95 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 04 लाख 59 हजार 30 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 03 लाख 37 हजार 659 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 02 लाख 30 हजार 400 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5346 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 20 हजार 441 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

### निकुम में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**बालोद/निकुम।** जय जागृत मंडल एवं समस्त ग्रामवासी निकुम पुरानी बस्ती के द्वारा मकर संक्रान्ति पर्व पर 14 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई है। आयोजन प्रमुख जानी धनकर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये, द्वितीय 5001, तृतीय 3001 तथा चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपये प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अनेक अन्य आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

### गातापार में युवा लोक महोत्सव आज से

**जामगांव आर।** ग्राम गातापार में युवा संगठन द्वारा युवा लोक महोत्सव 14 व 15 जनवरी को आयोजित किया गया है। युवा संगठन मीडिया प्रभारी वेदप्रकाश साहू ने बताया कि लोक महोत्सव कराने का उद्देश्य हमारी छत्तीसगढ़ की बोली, आचार व्यवहार, संस्कृति को मंच के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है।

### घाट सिवनी बालोद में गुहा जयंती 16 को

**बालोद।** तहसील निषाद समाज द्वारा गुहा जयंती एवं विराट केवट सम्मेलन 16 जनवरी को तांदुला नदी के तट केवट घाट सिवनी बालोद में आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा होंगी, अध्यक्षता विधायक कुंवर सिंह निषाद करेंगे। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला निषाद समाज राजेंद्र निषाद, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिला पंचायत सदस्य बालोद कृतिका साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सिवनी दानेश्वर सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत हिरापुर कुलेश्वरी ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत पड़कीभाट ईश्वरी निषाद व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल, जीपीएस सिस्टम से एंबुलेंसों की मानिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास के द्वारा जिला चिकित्सालय व अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में निरंतर 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा की मानिटरिंग की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 108 संजीवनी एम्बुलेंस 24 घण्टे सेवा का बेहतर संचालन किया जा रहा है। जिले में 15 बी.एल.एस. और 01 ए.एल.एस. एम्बुलेंस समस्त आवश्यक उपकरण व सामग्री के साथ संचालित है। इसके अतिरिक्त समस्त एम्बुलेंस में जी.पी.एस. सिस्टम भी लगा है, जिससे एम्बुलेंस के संचालन की मानिटरिंग की जाती है।

## संयुक्त कलेक्टर श्रीवास कर रहे हैं एंबुलेंस सेवा का निरीक्षण



### 15 से 25 मिनट में एंबुलेंस पहुंचने का दावा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिलें के किसी भी क्षेत्र में कोई भी दुर्घटना होने पर 15 से 25 मिनट में घटना स्थल पर एम्बुलेंस पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 108 एम्बुलेंस की सेवायें प्रदाय की जा रही है। समय–समय पर विपरीत परीस्थितियों में भी एम्बुलेंस के समस्त कर्मचारी पूरी निष्ठा और लगन से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहें हैं।



### कहां, कितने एंबुलेंस

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला चिकित्सालय बालोद में 03 एम्बुलेंस उपलब्ध है। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी (बंगला), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोटिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाटाबोड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डीलोहारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पलारी में एक–एक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुण्डरदेही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में दो–दो एम्बुलेंस उपलब्ध है।

**लापरवाही :** इस साल भी नए भवन में नहीं लग पाएंगी कन्या महाविद्यालय की कक्षाएं

# मियाद खत्म, छः माह बाद भी कन्या महाविद्यालय भवन का निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ अप्रैल 2022 में शुरू हुआ था महाविद्यालय भवन का निर्माण

जिला मुख्यालय में बन रहे कन्या महाविद्यालय के लिए जिले की कन्याओं को और इंतजार करना पड़ सकता है। जिले में बन रहे कन्या महाविद्यालय भवन के पूर्ण होने की तय समय सीमा निकल जाने के बाद भी उनका निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। जिले के लीड कॉलेज में संचालित कन्या महाविद्यालय के लिए शासन के द्वारा एक नए कॉलेज भवन निर्माण के लिए 455.56 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। उसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा 2022 के अप्रैल महीने से कार्य आरंभ किया गया था, जिसके निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी को 14 महीने का समय दिया गया था। इस तरह भवन का निर्माण जून 2023 तक हो जाना था लेकिन, 14 महीने बीत जाने के बाद भी अब तक निर्माण कार्य अधूरा है। इसके कारण कन्या कॉलेज का निर्माण और पढ़ाई का शुभारंभ शिक्षा सत्र के अंतिम दिनों तक भी नहीं हो पाया है। इसके कारण एक बार फिर इस कॉलेज में पढ़ने वाली बेटियों को इस नए कॉलेज भवन में पढ़ने के लिए अगले शिक्षा सत्र का इंतजार करना पड़ सकता है।

### नल कनेक्शन और बिजली फिटिंग अटका

महिला कॉलेज निर्माण में लगे सुरपवाईजर से मिली जानकारी के अनुसार भवन के अंदर नल कनेक्शन और बिजली फिंटिग कार्य अभी भी अधूरे हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह कार्य अभी इस शिक्षा सत्र में पूरा नहीं हो पाएगा। वहीं, वर्तमान में कन्या कॉलेज में प्रवेश लेने वाली छात्राएं शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में संचालित हो रही कक्षाओं में अध्ययन कर रही हैं। लेकिन छात्राओं को आशा थी कि उनका इंतजार जल्द खत्म हो जाएगा और इसी शिक्षा सत्र से उन्हें नए भवन का लाभ मिलने लगेगा, लेकिन ऐसा कुछ होना अभी संभव नहीं दिख रहा है।



### छात्रावास निर्माण भी अधूरा

कन्या महाविद्यालय भवन के बगल में छात्रावास भी बनाया जा रहा है, जिसका काम वर्तमान में चल रहा है। इसके कारण यदि कन्या महाविद्यालय पूर्ण होने के बाद अध्ययन-अध्यापन बीच में नवीन कन्या महाविद्यालय में प्रारंभ भी कर दिया जाता है, तो भी वहां की छात्राओं को अगले शिक्षा सत्र तक छात्रावास की सुविधा से वंचित रहना होगा। वहीं, पढ़ाई भी निर्माण कार्य की वजह से प्रभावित हो सकती है।



# सोसायटी में दिनदहाड़े चोरी का प्रयास, बोरी गिरी धान छोड़कर भागा आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ जिले के ग्राम करहीभदर का मामला

जिले के ग्राम करहीभदर सोसायटी में दिन दहाड़े धान की चोरी करने तथा छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गाँव के ही एक व्यक्ति लीलेश्वर 28 वर्ष ने लगभग 4 बजे शराब की नशे में सोसायटी केंद्र करहीभदर के किनारे लगे तार घेरा से अंदर घुसा और दो कट्टा धान चोरी कर चौकीदार की नजरों से बचकर पीछे की रास्ते से बाहर निकला। उसके बाद पड़ोस की एक महिला ने उसकी मोटर सायकल में धान को रखने में सहयोग किया, जो चोरी की घटना से अनजान थी। उधर, इस पूरे घटना क्रम को पड़ोस की एक और महिला यमुना बाई तारम देख रही थी। उन्होंने जालम तारम को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद घटना की जानकारी फोन के माध्यम से ठेकेदार नरेंद्र तारम को दी गई। इस बीच मोटर सायकल पर रखकर ले जा रहा धान का बोरा करहीभदर स्थित आवास पारा सतनाम चौक में गिर गया। उसके बाद वह बोरा वहीं छोड़ कर फरार हो गया। इसकी जानकारी ठेकेदार नरेंद्र तारम ने समिति प्रबंधक हेमलाल और सरपंच लीला राम ड़ड़सेना को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई, तब सरपंच और प्रबंधक द्वारा बालोद पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। तब मौके पर पहुँची बालोद पुलिस ने दो कट्टा धान सतनाम चौक के पास बरामद किया, जिसे जब्त कर उक्त व्यक्ति के खिलाफ अपराध का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल आरोपी युवक फरार है।

# मड़ई देखने पहुंचे युवकों से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ बालोद जिले के ग्राम नेवारीकला का मामला

मड़ई-मेले में बाइक का हॉर्न बजाते हुए जा रहे दो व्यक्ति के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर दी। मारपीट करने से शराब दुकान में काम करने वाले सेल्समैन को चोट आई है। वहीं, कोतवाली थाने में मारपीट करने के आरोप में तीन युवकों तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही निवासी प्रार्थी अनिल सोनकर ने बताया कि शुक्रवार को ग्राम नेवारीकला का मड़ई होने से अपनी पत्नी के साथ अपने ससुराल नेवारीकला आया था। मैं अपने डेढ़साला सुभाष सोनकर के साथ मड़ई घूमने के बाद घर वापस जाने के लिए अपनी मोटर सायकल में डेढ साला सुभाष सोनकर को बैठाकर मड़ई स्थल से चलाते हुए जा रहा था। भीड़ अधिक होने के कारण मैं हार्न बजाते–बजाते निकल रहा था। इस दौरान रात्रि करीबन 9 बजे गांव का पुरूषोत्तम, लल्ला साहू, कामदेव साहू एवं उनके अन्य साथी धमकाते हुए तुम क्यों हार्न बजा रहे हो, कहकर गाली गलौच करने लगे। तब मैं गाली क्यों दे रहे हो भीड़ है, इसलिए हार्न बजा रहा हूं कहा। इस पर पुरूषोत्तम ने मेरी गाड़ी की चाबी निकाल ली, जिससे गाड़ी बंद हो गई। उसके बाद सभी मिलकर मेरे तथा मेरे डेढ़ साला के साथ मारपीट करने लगे। प्रार्थी ने बताया कि लल्ला साहू ने मड़ई में लगे अंडा रोल की दुकान से स्टील के चम्मच से मेरे सिर में मारा। वहीं, बीच बचाव करने मेरा डेढ़ साला सुभाष सोनकर आया, तो उससे भी गाली गलौज कर मारपीट की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस मारपीट करने के आरोप में तीनों युवकों तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## ग्रापं कलंगपुर के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास

**रिपोर्ट पर पुलिस ने शुरू की जांच**




**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत कलंगपुर में लगे दरवाजा का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त घटना 11 जनवरी गुरुवार की रात की बताई जा रही है, जहां अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन प्रांगण का दीवार कूद कर अंदर ग्राम पंचायत भवन के मेन गेट का ताला तोड़ कमरे में घुसा। घटना की जानकारी सुबह जब पौधों में पानी डालने के लिए मजदूर नथेल साहू पंचायत पहुंचा, तो देखा की मेन गेट का ताला टूटा हुआ था, उसने तुरंत उनकी जानकारी ▸▸|शेष पेज 10 पर

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, जिले में लगातार दूसरे दिन दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में लगातार दूसरे दिन नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रूपये ठगने वालों के खिलाफ अपराध कायम हुआ है। शुक्रवार को जहां सिटी कोतवाली में दो लोगों के खिलाफ अपराध कायम हुआ था, वहीं शनिवार को मंगचुआ थाने में एक व्यक्ति के खिलाफ सरकारी विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगने की रिपोर्ट दर्ज हुई है।

जागरूकता की कमी के कारण आज भी पढ़े लिखे बेरोजगार युवा शासकीय विभागों में नौकरी लगाने की बात कहने वाले ठगों के शिकार हो रहे हैं। इस तरह के मामले इन दिनों लगातार सामने आ रहे हैं। हाल ही में कोतवाली पुलिस ने शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम दो लोगों से 10 लाख रुपए की ठगी करने वाले पति पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तो वहीं एक और मामला जिले के मंगचुआ थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक प्रार्थी ने एक व्यक्ति पर सरकारी विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर सात लाख रुपए की ठगी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट लिखाया है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जुट गई है।




■ 0 शनिवार को मंगचुआ थाने में दर्ज कराई गई

**मंत्रियों तक पहुंच बताकर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं आरोपी-** हाल ही में गिरफ्तार हुए परवार सिंह कोमरा नौकरी लगाने के नाम पर लोगों को झूठी कहानी बताता था। वह मुख्यमंत्री से लेकर अन्य मंत्रियों तक अच्छा संबंध होना और कितनों को नौकरी में लगाने और कइयों का आसानी से ट्रांसफर कराने की झूठी कहानी बनाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाता था।

**नौकरी लगाने एक और फर्जी जानकारी सोशल मीडिया में-** इस मामले के अलावा हाल ही में एक और फर्जी ▸▸|शेष पेज 10 पर

**विभिन्न संगठनों ने संभाली कमान, महिलाएं घर-घर दे रहीं आमंत्रण**

# अयोध्या में विराजेंगे रामलला, जामगांव आर में मनेगी दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम विराजेंगे। इस दिन एक बार फिर दीपावली मनाने की तैयारी अंचल के लोगों द्वारा की जा रही है। इसके तहत जामगांव आर को जगमगाने विभिन्न संगठनों, महिलाओं ने घर घर जाकर आमंत्रण देने पीला चावल, राममंदिर का भव्य चित्र, जानकारी पत्रक सहित कमान संभाल ली है।

इस पावन कार्य में यादव समाज जामगांव आर सर्किल अध्यक्ष उर्मिला यादव, भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्रि मंडावी, पूर्व उपसरपंच मालती साहू, मां बम्लेश्वरी समूह सचिव ज्ञानेश्वरी साहू, प्रगति समूह सचिव पुष्पा बाग, मां कर्मा समूह अध्यक्ष सुरुचि साहू, उपासना समूह अध्यक्ष खिलेश्वरी साहू, आस्था समूह सदस्य धनेश्वरी साहू शामिल रहे।



**दीपावली सा जगमगाएगा जामगांव आर-** यादव समाज सर्किल अध्यक्ष उर्मिला यादव ने बताया कि जामगांव आर का घर-घर, कोना-कोना 22 जनवरी से 24 जनवरी को दीपावली की तरह जगमाएगा। इसमें सबका सहयोग लेने के लिए घर-घर जाकर आमंत्रण देकर आग्रह भी कर रहे हैं। भगवान राम सबके आराध्य है सबके चेहरे में प्रसन्नता झलक रही है।

**इस वर्ष दो दीपावली का सौभाग्य-** भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी ने कहा कि 500 साल बाद अनेक राम भक्तों की कुर्बानियों के बाद 22 जनवरी को सुंदर पावन अवसर भगवान राम भक्तों को मिला है। हर राम भक्त के चेहरों की मुस्कान देखते ही बनती है। जीवन में यह पहला अवसर है की एक वर्ष में दो बार दीपावली मनाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

**22 जनवरी को कालमंच में होगी महाआरती-** पूर्व सरपंच मालती साहू, सुरुचि साहू, खिलेश्वरी साहू ने बताया कि 22 जनवरी को प्रत्येक घर दियो से जगमगा उठेगा और प्रत्येक घर से 5 दिया कलामंच जामगांव आर में ले जाकर महाआरती में शामिल होंगे, रंगोली सहित विविध सजावट होगी और महाप्रसाद का वितरण ग्राम समिति द्वारा किया जाएगा।

### भानपुरी में आज कबड्डी-चौसर स्पर्धा

**अंडा।** ग्राम भानपुरी में नवयुवक मंडल बाल किशोर दल भानपुरी द्वारा एक दिवसीय कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता 14 जनवरी दिन रविवार को रखा गया है। इसके अलावा ग्राम में मड़ाई मेला का भी आयोजन रखा गया है। सोनू देशमुख ने बताया कि मंडाई मेला के अवसर पर रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ नाच महतारी, मया का आयोजन किया जाएगा। कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 7001, द्वितीय 5001, तृतीय 3001, चतुर्थ 2001 एवं चौसर में प्रथम पुरस्कार 3001, व्दितीय 2001, तृतीय 1501, चतुर्थ 1001 रूपये प्रदान किया जाएगा। स्पर्धा में केवल 16 टीमों को ही प्रवेश दिया जाएगा

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### आज इन गांवों में लगाए जाएंगे शिविर

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से रविवार 14 जनवरी को बालोद विकासखण्ड के ग्राम मालगांव में 10 बजे तथा मुल्लेगुड़ा में दोपहर 02.30 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मड़ियाकट्टा तथा रेंगनी में सुबह 10 बजे एवं बगाईकोन्हा और खरथुली में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुटेरी भ, खेरूद और किल्लेपार में 10 बजे तथा ग्राम बरबसपुर, बिरेतरा और सिब्दी में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के बोहारडीह में 10 बजे तथा ग्राम कोलिहामार में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम भर्रीटोला 43 में 10 बजे तथा ग्राम रजही में 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### शिक्षित बेरोजगार अब कर सकते हैं ई-पंजीयन

**बालोद।** राज्य के शिक्षित बेरोजगार अब अपना पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में जाने के लिए बाध्य नहीं होंगे। राज्य शासन की नई व्यवस्था के तहत अब राज्य के शिक्षित बेरोजगार ई रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाईट पर जाकर अपना नवीनीकरण पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगर मागदर्शन बालोद ने बताया कि ई रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाईट के माध्यम से पंजीयन कराने के पश्चात पहचान पत्र (एक्स–10) निकलेगा। उस पर किसी अधिकारी का हस्ताक्षर होना अनिवार्य नहीं है।

### परसाही लाटाबोड़ में भक्त गुहा निषाद राज जयंती 18 को

**लाटाबोड़।** विकासखंड बालोद अंतर्गत ग्राम परसाही (लाटाबोड़) में 18 जनवरी को पचगैहा स्तरीय भक्त गुहा निषाद जयंती समारोह एवं मानसगान सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है। पचगैहा समाज के सचिव रविंद्र निषाद ने बताया कि 18 जनवरी को ध्वजारोहण सुबह 10 बजे किया जाएगा। उसके बाद कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद पूजा होगी। श्री निषाद ने बताया कि दोपहर 1 बजे से मानसगान सम्मलेन प्रारंभ होगा।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने डिप्टी सीएम शर्मा को दिया आमंत्रण

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नवीन विश्राम गृह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राजनांदगांव में आयोजित होने जा रहे युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन एवं प्रदेश के निर्वाचित ब्राह्मण विधायकों पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा एवं सुशांत शुक्ला का अभिनंदन समारोह पर अतिथि के लिए आमंत्रित किया। इसकी सहर्ष स्वीकृति उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दी।

# ग्रामीण इलाकों में बढ़ने लगी मानसिक समस्या की शिकायतें, पीएचसी स्तर पर हो रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न कारणों से अब शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी मानसिक समस्या की शिकायत बढ़ने लगी है। पूर्व में जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इसकी काउंसिलिंग और उपचार की सुविधा दी जाती थी, जिसका स्तर अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक कर दिया गया है। बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ मरीजों की स्क्रीनिंग और समस्या होने पर इलाज के साथ दवा भी दे रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मानसिक समस्या की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। इसकी वजह कई प्रकार की हो सकती है, जिसमें शारीरिक, पारिवारिक अथवा नशे की लत भी शामिल हो सकती है। पहले यह समस्या शहरी इलाकों में अधिक थी, मगर मानसिक तनाव की समस्या से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले भी घिरने लगे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अब मानसिक स्वास्थ्य पर स्क्रीनिंग, काउंसिलिंग और इलाज की व्यवस्था प्राथमिक स्तर पर भी देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए निमहंस बेंगलुरु की मदद से मनोचिकित्सक तथा सामुदायिक और प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्राथमिक स्तर पर काउंसिलिंग और उपचार करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। जिला मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी के मुतबिक रायपुर जिले के सामुदायिक के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी सप्ताह में अलग-अलग दिन के हिसाब से मानसिक स्वास्थ्य के मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया जा रहा है।

## बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ कर रहे मरीजों की काउंसिलिंग, दे रहे दवा

### अधूरी रह गई जमीन की तलाश

राजधानी में मानसिक समस्या से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए अलग से अस्पताल बनाने की योजना थी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर-निगम और जिला प्रशासन की मदद से जमीन की तलाश शुरू की गई थी। इसके लिए कुछ शासकीय अस्पतालों की रिक्त भूमि का भी अवलोकन किया गया था। इसी बीच राजधानी में बड़े अफसरों की जिम्मेदारी का फेरबदल हुआ और योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वर्तमान में राजधानी में मानसिक समस्या से संबंधित शिकायतें तो बढ़ रही हैं, मगर इसके उपचार के लिए पृथक से व्यवस्था नहीं हो पाई है।



### जिला अस्पताल में बेड की व्यवस्था

जानकारी के मुताबिक पहले जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में आने वाले मरीजों का इलाज ओपीडी के माध्यम से किया जाता था। कुछ समय पहले स्पर्श क्लीनिक का संचालन जिला अस्पताल के मुख्य भवन में शुरू किया गया और वहां आने वाले मानसिक तनाव के मरीजों को इलाज के लिए भर्ती करने दस बेड की व्यवस्था भी कई गई। प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इलाज करने वाले चिकित्सकों को समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अस्पताल तक भेजने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दानी स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान गेट का दरवाजा खोला

# साढ़े चार साल बाद खुला बूढ़ा तालाब बायपास रोड, स्कूल-कॉलेज की छात्राओं को मिली राहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब से विवेकानंद सरोवर जाने वाले बायपास रोड को करीब साढ़े चार साल बाद खोल दिया गया। इस मार्ग को नगर निगम ने चौपाटी खोलने के लिए बंद कर रखा था। इसके कारण बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, डंगनिया, सुंदरनगर सहित आसपास के क्षेत्र में रहने वाली दानी गर्ल्स स्कूल, डिग्री गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रास्ता खोले जाने से छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। उन्हें अब लंबा सफर तय कर कालीबाड़ी से घूमकर जाना नहीं पड़ेगा। बायपास रोड से छात्राएं कम समय में घर से स्कूल और स्कूल से घर पहुंच पाएंगी। स्कूल शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर दानी गर्ल्स स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दानी स्कूल के बच्चों से किया वादा भी पूरा किया। श्री अग्रवाल ने बूढ़ा तालाब से स्वामी विवेकानंद सरोवर की तरफ जाने वाले बायपास रास्ते को फिर से चालू किया। उन्होंने पिछले करीब साढ़े चार साल से बंद इस बायपास रास्ते की बाधा को दूर किया और अपने हाथों से गेट का ताला खोला। दानी स्कूल की छात्राएं काफी समय से स्कूल से बूढ़ा तालाब की तरफ रास्ते की मांग कर रही थीं। गेट का ताला खुलते ही छात्राओं में खुशी का माहौल छा गया। इस दौरान बच्चों ने जय-जयश्री राम के जमकर नारे भी लगाए।

### रविवार तक शेष बाधा भी कर दी जाएगी दूर

दानी गर्ल्स स्कूल के पीछे गेट का दरवाजा छात्राओं के लिए खोल दिया है, लेकिन इस मार्ग पर अभी भी काम चल रहा है। इस मार्ग पर दीवार खड़ी करने से लेकर चौपाटी के लिए जो निर्माण कार्य किए गए थे, उन्हें हटाने का काम अभी भी जारी है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि एक-दो दिन में काम खत्म हो जाएगा। संभवतः सोमवार से इस मार्ग पर आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।

# दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या, तीन को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को आजीवन कारावास तथा डेढ़-डेढ़ हजार रुपए जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपियों को अतिरिक्त दो-दो वर्ष कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हिरेंद्र सिंह टेकाम एट्रोसिटीज की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक सांई किरण की हत्या के आरोप में कोर्ट ने रूद्र कुमार साहू उर्फ राहुल, योगेश भारती उर्फ सोनू चौहान तथा भूषण निषाद को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक बदमाशों ने 22 फरवरी 2020 को सांई किरण की चाकू से हमला कर हत्या की थी। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल सांई किरण की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई थी।



### गाड़ी ठीक से चलाने कहने पर चाकू मारा

मृतक के दोस्त तथा घटना के प्रत्यक्षदर्शी आयुश सिंह ने कोर्ट को बताया कि घटना दिनांक को वह सांई किरण के साथ उसकी दोपहिया पर सवार होकर निकला था। बाइक में सवार तीनों बदमाश रास्ते में कट मारते हुए निकले, तब आयुश ने उन्हें ठीक से बाइक चलाने के लिए कहा। इससे नाराज होकर बदमाशों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद बदमाशों ने आयुश तथा उसके एक अन्य साथी पर हमला किया, तब आयुश ने एक मोची की दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। इसके बाद बदमाशों ने सेलून में बाल कटा रहे सांई किरण की कमर में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल किया और मौके से फरार हो गए।

### *अवंती विहार मार्ग को अटल मार्ग घोषित करने की मांग*

*रायपुर। अवंती विहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी एवं महामंत्री किशोरचंद नायक ने बताया की राजधानी रायपुर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई की एकमात्र प्रतिमा अवंती विहार अटल चौक (एटीएम चौक) में व्यापारी संघ की ओर से स्थापित की गई है। श्री राठी ने कहा की अटलजी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता है, जिसके कारण आज हम अपने घर–दुकान–कार्यालय के पते पर अंत में /"छत्तीसगढ़/" लिख रहे हैं। उन्होंने ने कहा की अवंती विहार मुख्य मार्ग का नामकरण अटल मार्ग करने से छत्तीसगढ़ के युवाओं को अटलजी के बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलेगी।*

# पुलिसकर्मियों को नए कानून का पाठ पढ़ाने आईजी, एसएसपी की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पाठशाला में पढ़ाने पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी के कानून के प्रध्यापक पहुंचे
- पाठशाला में पढ़ने 38 पुलिस अफसर पहुंचे

अंग्रेजों के समय से चले आ रहे डेढ़ सौ साल पुराने कानून की जगह नई भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। नए अपराधिक कानून को लेकर शुक्रवार को पुलिस अफसरों के साथ विवेचकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विवेचक, मददगार, टीआई सहित 38 पुलिस अफसर शामिल हुए। नए कानून की जानकारी देने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से कानून के प्रध्यापक भी पहुंचे। नए कानून संबंधित जानकारी देने कार्यशाला में रेंज आईजी आरएल डांगी, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल तथा पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से डॉ. वेणुधर रावतिया पहुंचे थे। पुलिस अफसर तथा प्रध्यापक ने पुलिस अफसर तथा कर्मियों को नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके सवालों का जवाब दिए। पुलिस अफसरों के मुताबिक पुलिस कर्मियों को नए कानून के तहत मामले की जांच करने तथा अपराध संबंधित धारा को लेकर किसी तरह से परेशानी न हो, इस बात को ध्यान में रखकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नए भारतीय अपराध कानून में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के बारे में पुलिस अफसर, टीआई तथा पुलिसकर्मियों को जानकारी दी गई।

## गांड़ा समाज की ऐतिहासिक संस्कृति देश की धरोहर




**रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आरआर बाघ राजधानी पहुंचे, जिनका रायपुर के वकीलों ने स्टेशन रोड में उनका स्वागत किया। श्री बाघ, गांड़ा समाज की ऐतिहासिक संस्कृति को एक नई पहचान दिलाने के लिए ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में गांड़ा महोत्सव के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। श्री बाघ ने कहा कि गांड़ा समाज की संस्कृति देश की धरोहर है, जिसे एक नई पहचान दिलाने के लिए हम गांड़ा महोत्सव का आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। इसे जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। अधिवक्ता बाघ के स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता भगवानू नायक, बिमला तांडी, आनंद मुगरी, पारस नायक आदि उपस्थित थे।

# नगर निगम की 43 पानी टंकियों की दीवारों की होगी सफाई, डीडीनगर टंकी से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केमिकल स्प्रे से सफाई, वाल्व को किया साफ

नगर निगम का जल विभाग शहर में स्थित अपनी 43 पानी टंकियों की विशेष सफाई के लिए सफाई अभियान चला रहा है। इसकी शुरुआत गुरुवार को डीडी नगर स्थित पानी टंकी से हुई। 3200 किलोलीटर क्षमता वाली इस पानी टंकी की दीवारों की सफाई करवा कर उसकी दीवारों को केमिकल से कीटाणु मुक्त करने केमिकल स्प्रे कराया गया। इसके साथ ही टंकी की तली में जमी गाद को निकालने काम किया गया। राजधानी वासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने नगर निगम क्षेत्र की पानी टंकियों की सफाई का कार्य शुरू हो गया है। जोन 5 के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडी नगर पानी टंकी को साफ कराने मजदूरों की टीम उतारी गई। पानी टंकी की दीवारों को केमिकल से कीटाणुमुक्त करने वाल्व की कैमिकली स्प्रे से सफाई कराई। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, 1 दिन में एक पानी टंकी की सफाई पानी टंकी की तलछटी में जमी गाद को साफ करके सुबह के समय नियमित जल आपूर्ति की जाएगी। 43 पानी टंकियों को साफ करने 15 फरवरी तक का समय अनुबंधित एजेंसी को दिया गया है।



# ऑडिट रिपोर्ट में लेखा परीक्षक का फर्जी सील-हस्ताक्षर कर फर्म को 12 लाख रुपए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन–1 आयुक्त की जांच रिपोर्ट में खुलासा

नगर निगम मुख्यालय की ऑडिट रिपोर्ट में लेखा परीक्षक के नाम का फर्जी सील व हस्ताक्षर कर मेसर्स जेबी कंस्ट्रक्शन कंपनी को 12 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है। यह मामला वर्ष 2022 का है। इस मामले में वित्त उपायुक्त ने जोन-1 कमिश्नर को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। जोन कमिश्नर ने इसकी जांच कर रिपोर्ट पेश कर दी है, जिसमें ऑडिट रिपोर्ट में बताया गया है कि जोन कार्यालय से कंपनी को राशि भुगतान करने संबंधी कोई रिपोर्ट नगर निगम मुख्यालय को भेजी नहीं गई है, जबकि राशि का भुगतान निगम मुख्यालय से किया गया है, इसलिए जो भी गड़बड़ी हुई है ऑडिट शाखा में ही हुई है।

नगर निगम प्रशासन ने वर्ष 2022 में जोन-1 अंतर्गत ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 17 अंतर्गत विनायक विहार से अंजली विहार, कल्प विहार तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य के लिए 14 लाख 26 हजार रुपए की स्वीकृति दी थी। इस निर्माण कार्य का ठेका मेसर्स जेबी कंस्ट्रशन रायपुर को दिया गया था। इस फर्म के प्रोप्राइटर अशोक उईके हैं। इस फर्म को सुरक्षा निधि की राशि का भुगतान किए जाने के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसे ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार 12 लाख रुपए राशि का भुगतान भी कर दिया गया। इस राशि के भुगतान करने के बाद पता चला कि ऑडिट रिपोर्ट में जिस लेखा परीक्षक के नाम की सील व साइन है, वह फर्जी है। लेखा परीक्षक के अनुसार पहले व अंतिम बिल के ऑडिट का कोई रिकॉर्ड सीए फर्म के पास उपलब्ध ही नहीं है। इसके अलावा ऑडिट कार्य के उल्लेखित तिथि का डिस्पैच रजिस्ट्रर में कोई एंट्री भी नहीं है।

नगर निगम के वित्त उपायुक्त ने जोन-1 कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में स्वीकृत निर्माण कार्य हुए हैं या नहीं, इसकी जांच रिपोर्ट मांगी गई थी।

### ऑडिट शाखा में हुई गड़बड़ी

स्वीकृत कार्यों के निर्माण पूर्ण हो चुके हैं। जोन कार्यालय में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है, क्योंकि राशि भुगतान को लेकर जोन कार्यालय से कोई रिपोर्ट नगर निगम मुख्यालय को भेजी नहीं गई है। ऑडिट शाखा में किसी ने गड़बड़ी की है।

- एनआर चंद्राकर
कमिश्नर जोन-1



# स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में गुण्डरदेही नगर पंचायत पुरस्कृत

**गुण्डरदेही।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में गुण्डरदेही नगर पंचायत को अच्छा प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड मिला है। यह अवार्ड ओडीएफ प्लस श्रेणी के लिए दिया गया है। उक्त अवार्ड को दिल्ली में गुण्डरदेही के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चन्द्रकांत शर्मा को प्रदान किया गया। बता दें कि इनके पहले भी सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा के कार्यकाल में नगर पंचायत गुण्डरदेही को कई अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। गुण्डरदेही मुख्य नगर पालिका अधिकारी चन्द्रकांत शर्मा ने बताया कि यह जो अवार्ड मिला है, वह नगर पंचायत अध्यक्ष समस्त पार्षद व नगरवासी के सहयोग से मिला है।

## पेज 9 के शेष...

### ग्रापं कलंगपुर के...

सरपंच पुष्पा सिन्हा को दी। जानकारी होते ही सरपंच तुरंत ग्राम पंचायत पहुंच कर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और अंदर सचिव कार्यालय का भी ताला टूटा हुआ पाया, साथ ही अलमारी का लाकर भी टूटा हुआ था, यह देख सरपंच को चोरी होने का अंदेशा हुआ और तुरंत थाना रनचिराई पुलिस को सूचना दी, जहां मौके पर रनचिराई पुलिस आकर छानबीन किया। सचिव प्रवीण गेण्डे ने बताया की घटना के दिन उनका दूसरे जगह शिविर में ड्यूटी लगी थी। शुक्रवार को जब पंचायत पहुंचा तब घटना की जानकारी हुई, उन्होंने कहा कि अज्ञात चोरों द्वारा मेरे अलमारी का लाकर तोड़ दिया है। अभी अलमारी में रखे दस्तावेज व कागजात की छानबीन करने पर ही मुझे पता लग पाएगा की चोरों ने आखिर मेरे कार्यालय से क्या चुरा कर फरार हुआ है।

### नौकरी लगाने...

जानकारी व्हाट्सएप में चल रही है। उसमें बताया गया है कि ट्रैफिक पुलिस, फॉरेस्ट गार्ड व तहसील कार्यालय में बाबू के पद पर सीधी भर्ती करा दी जाएगी। इनमें बालोद, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा के तहसील कार्यालय भी शामिल हैं। इसके लिए 8 लाख रुपए की मांग की जा रही है। वहीं, एडवांस के तौर पर 3 लाख रुपए मांगने तथा नौकरी के लिए 6 से 8 महीने का समय लगने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि इस पूरे फर्जी कार्य में बालोद से रायपुर तक लिंक जुड़े होने की बात सामने आ रही है।

**पूर्व सीएम को मामा ससुर बता कर की ठगी, झूठे केस में फंसाने की भी धमकी–** थाना मंगचुआ क्षेत्र के ग्राम करतूटोला निवासी प्रार्थी घनश्याम साहू ने बताया कि ठगी करने वाले खिलावन चंद्राकर ने वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना मामा ससुर बताकर व मंत्रालय में अच्छी पहुंच होना बताकर मंत्रालय में ही प्रार्थी के बेटे गोयल साहू को अच्छे पद पर नौकरी लगाने की बात कही। इसके लिए प्रार्थी से सात लाख रुपए ले लिए और जब नौकरी नहीं लगा पाए तो पैसा वापस मांगने पर न्यायालय कुछ नहीं कर पाएगा, तुम्हे झूठे केस में फंसा देंगे जैसी धमकी देने लगा। हालांकि प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

**नौकरी लगाने की बात पर झांसे में न आएं : पांडेय –** क्षेत्र में लगातार हो रहे इस तरह के ठगी मामले में थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय ने कहा कि लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। बिना मेहनत करे, बिना पढ़ाई करे सरकारी नौकरी में नहीं लग सकते। सरकारी नौकरी में लगने के लिए कई तरह की प्रक्रिया होती है, जिससे होकर गुजरना पड़ता है। किसी भी व्यक्ति द्वारा सीधे ही नौकरी में लगाने की बात पर न आएं, बल्कि खुद मेहनत करके नौकरी प्राप्त करने का प्रयास करें।

## खबर संक्षेप



### धनेली स्कूल में की गई पेयजल की व्यवस्था

**गुरूर।** ग्राम धनेली के मिडिल स्कूल में जनपद विकास निधि से 170000 रुपए की राशि स्वीकृति प्रदान की गई। इस राशि से बोर खनन 2 एचपी का मोटर पंप 2000 लीटर की पानी टंकी की स्थापना शाला परिसर में की जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद उपाध्यक्ष गुरुर तोषण साहू, सरपंच गोविंद, उप सरपंच रामगंज पाल एवं समस्त पंचगन प्राथमिक शाला के शाला विकास समिति के समस्त पदाधिकारी, मिडिल स्कूल के शाला विकास समिति के हाई स्कूल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों ने प्राथमिक शाला गंगोरीपार का किया निरीक्षण



**गुरूर।** प्राथमिक शाला गंगोरीपार में जनप्रतिनिधियों ने औपचारिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के शिक्षकों के साथ ही बच्चों की शिक्षा और उपस्थिति की जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण के दौरान पाया कि स्कूल के हेड मास्टर एक सप्ताह से बिना सूचना के स्कूल नहीं आ रहे हैं। उन्होंने इसकी सूचना ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को देकर कार्रवाई करने की बात कही।

### खुरसुल में 24 को मड़ई-मेला

**अर्जुंदा।** ग्राम खुरसुल में 24 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। नीतीश कुमार साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोग गंगा दल्लीराजहरा का कार्यक्रम होगा।

### गुरेदा में मानसगान सम्मेलन का समापन आज, मड़ई 16 को

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी गुरेदा के तत्वावधान में तीन दिवसीय भव्य सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन आज होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, सचिव देवेन्द्र सिन्हा तथा सरपंच हेमंत निषाद ने बताया कि उसके बाद 16 जनवरी को मड़ई-मेला का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर रात्रि 10:00 बजे से ज्ञान के पूजा मूडमाडी नाचा पार्टी महाराष्ट्र वालों का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम मंदिर में दीपोत्सव एवं रामकथा का आयोजन किया जाएगा।

### अर्जुंदा में मड़ई कल

**अर्जुंदा।** नगर अर्जुंदा में 15 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आसपास के समस्त व्यापारियों को आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही रात्रि में मनोरंजन के लिए नाच पार्टी झन भूलो मां बाप ला का कार्यक्रम रखा गया है।

**निरीक्षण : खरीदी केंद्र में धान की कुल खरीदी एवं उठाव के संबंध में ली जानकारी**

# सहकारिता सचिव डॉ. प्रसन्ना ने किया धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण, जांची सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी.आर प्रसन्ना ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र औंराभांठा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सी.आर प्रसन्ना ने अधिकारियों को धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके, इसके लिए धान खरीदी केंद्र में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

डॉ. प्रसन्ना ने अधिकारियों से धान खरीदी केंद्र में धान के कुल खरीदी एवं उठाव के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक ने बताया कि औंराभांठा धान खरीदी केंद्र में कुल पंजीकृत 1536 किसानों में से 1140 किसानों ने अपनी धान की बिक्री कर लिया है। इस तरह से औंराभांठा धान खरीदी केंद्र में कुल 74 प्रतिशत किसानों का धान खरीदी का कार्य पूरा हो चूका है। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि जिले में अब तक कुल 01 लाख 49 हजार 162 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 21 हजार 543 किसानों द्वारा कुल 05 लाख 68 हजार 59 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1243 करोड़ 95 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 04 लाख 59 हजार 30 मेट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 03 लाख 37 हजार 659 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 02 लाख 30 हजार 400 मीट्रिक टन धान शेष है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5346 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 20 हजार 441 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में राईस मिलरों की मिलिंग क्षमता से अधिक मात्र में धान का उठाव किया जा रहा है। धान खरीदी हेतु पर्याप्त मात्र में बारदाने उपलब्ध है। सहकारिता सचिव ने जिले के धान खरीदी के कार्य की समुचित व्यवस्था की सराहना की।

## धान खरीदी केन्द्र बेलमाण्ड व पीपरछेड़ी का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र बेलमाण्ड एवं पीपरछेड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी का कार्य संपन्न हो सके इसके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी केंद्रों में कुल धान खरीदी, उठाव एवं बारदानों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र बेलमांड में पंजीकृत कुल 1045 किसानों में से 830 किसानों एवं पीपरछेड़ी में पजीकृत 1166 किसानों में से 1001 किसानों द्वारा धान की बिक्री की जा चुकी है। इस तरह से धान खरीदी केंद्र बेलमाण्ड में कुल 80 प्रतिशत एवं पीपरछेड़ी में कुल 86 प्रतिशत किसानों द्वारा अपनी धान की बिक्री की गई है।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। किसानों ने बताया कि उन्हें धान खरीदी केंद्रों में अपनी धान की बिक्री करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। इसके साथ ही धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र में आने वाले किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, छांव एवं कुर्सी इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## नवनिर्मित चौपाटी को शीघ्र प्रारंभ करें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आमापारा बालोद के वनपरिक्षेत्र कार्यालय के कृष्ण कुंज परिसर में नवनिर्मित चौपाटी को शीघ्र प्रारंभ कर इसका सुचारू संचालन व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

चन्द्रवाल ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि वन विभाग द्वारा इस चौपाटी का निर्माण कर इसकी संचालन की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद बालोद को दी गई है। कलेक्टर चंद्रवाल ने नगर पालिका के अधिकारियों को इस नवनिर्मित चौपाटी में साफ–सफाई एवं पेयजल आदि के अलावा सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कर इसका शीघ्र संचालन कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को इस चौपाटी में पानी आदि की निकासी व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सेना-पुलिस भर्ती के लिए युवाओं को दी जाएगी निःशुल्क ट्रेनिंग

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बालोद द्वारा भारतीय सेना एवं पुलिस विभाग के अंतर्गत होने वाले भर्ती परीक्षाओं के लिए जिले के 16 से 23 वर्ष के युवा–युवतियों को शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशकों के द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद स्टेडियम एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम फुटबाल ग्राउंड दल्लीराजहरा में 29 जनवरी से 28 मार्च तक सुबह 07 से 09 बजे तक 50 पुरुष एवं 50 महिला अभ्यर्थियों को निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

जिला खेल अधिकारी बालोद ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण में सम्मिलित होने ईच्छुक सरदार पटेल मैदान के समीप स्थित कार्यालय जिला खेल अधिकारी बालोद में 19 जनवरी तक कार्यालयीन समय में अपना पंजीयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिणार्थियों द्वारा शारीरिक मापदंड पूर्ण किए जाने पर ही उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर सशिमं पुरुर के विद्यार्थियों ने किया नगर भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय युवा दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर पुरुर के विद्यार्थियों ने नगर भ्रमण किया। स्वामी विवेकानंद जयंती पर सरस्वती शिशु मंदिर पुरुर के भैया, बहनों ने नगर भ्रमण कर नगरवासियों को नर ही सेवा नारायण सेवा का सेदेश दिया। इस मौक़े पर विद्यालय के भैया, बहन स्वामी विवेकानंद, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी लक्ष्मी बाई, माता भगनी निवेदिता का स्वरुप बने। नगर भ्रमण मे श्री राम जन्मभूमि से आए अक्षत कलश एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण नगर वासियों को दिया। नगर भ्रमण मे विद्यालय के प्राचार्य वेदप्रकाश कटेंद्र, वरिष्ठ आचार्य योगेश्वर साहू, अगेश्वर हिरवानी, बलराम पटेल, गोपाल पटेल, नीमा साहू, खिलेश्वरी साहू, समिति के अध्यक्ष आनंदराम सोनबरसा, उपाध्यक्ष इवलेश पटेल, संयुक्त सचिव शेख लाल माला, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र साहू, सदस्य एमआर राजपुरिया, जागेश्वर निषाद, मिथलेश ग्वालेन्द्र, हेमंत सिन्हा, यशवंत माला, आरती सोनवर्शा, आचार्य आगेश्वर हिरवानी, योगेश्वर साहू, बलराम पेटेल, मिलन साहू, नीमा साहू, खिलेश्वरी साहू, रोशनी साहू, खुमेश्वरी साहू, कुमुदनी यादव, सुशीला सिन्हा, सीमा निशाद, दुर्गेश्वरी पटेल, आशा नेताम के साथ सभी दीदी आचार्य उपस्थित थे।

## 27 प्रतिशत आरक्षण मुद्दे पर राज्यपाल-मुख्यमंत्री के नाम 16 को ओबीसी महासभा सौंपेगी ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार के माध्यम से सभी जिलों में दिया जाएगा ज्ञापन

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम के मार्गदर्शन में आयोजित ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में प्रदेश भर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में संक्षिप्त परिचय उपरांत कोरबा जिलाध्यक्ष नकुल राजवाड़े द्वारा बैठक के मुख्य एजेंडा माह जनवरी में ज्ञापन सौंपे जाने , सघन निःशुल्क सदस्यता अभियान चलाए जाने, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण एवं संगठन विस्तार एवं लंबित 27%आरक्षण, लंबित राष्ट्रीय जनगणना के मुद्दे एवं अन्य सम-सामायिक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों द्वारा 16 जनवरी को प्रदेश के सभी जिलों में एक सूत्रीय मांग को लेकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर/ एसडीएम /तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में ज्ञापन के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया गया, जिसमें एक सूत्रीय मुद्दा 2 दिसंबर 2022 को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारित आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 पर राज्यपाल के हस्ताक्षर को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। अंतिम इकाइयों में सघन सदस्यता अभियान निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक जिला में अनिवार्य रूप से चलाई जाने हेतु सहमति बनी है। प्रत्येक जिलों में प्रतिमाह बैठक आयोजित कर माहभर के लिए कार्ययोजना तैयार किया जाए। वर्चुअल बैठक को शामिल सभी पदाधिकारियों द्वारा बारी-बारी से संबोधित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष परशुराम सोनी, प्रदेश महासचिव किरण देवांगन, प्रदेश सहसचिव पुनेश्वर देवांगन, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा ओबीसी खिलेश्वरी, प्रदेश सचिव द्वय कृष्ण प्रजापति सुभाष साहू, रायपुर संभाग अध्यक्ष हेमंत कुमार, सरगुजा संभाग अध्यक्ष मनीष दीपक साहू, बिलासपुर संभाग अध्यक्ष हरिश साहू, छात्र मोर्चा अध्यक्ष अभिलाष जायसवाल, सरगुजा संभाग प्रवक्ता आनंद सिंह यादव, बिलासपुर संभाग उपाध्यक्ष चैतू राम साहू, प्रदेश सहसचिव महिला मोर्चा खीर साहू, दुर्ग जिला उपाध्यक्ष मीना गिरी, बस्तर संभाग अध्यक्ष युवा मोर्चा नारायण साहू, शक्ति जिला अध्यक्ष खेमराज कश्यप, गरियाबंद जिला अध्यक्ष फलेन्द्र साहू , जीपीएम जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप, जशपुर जिला प्रभारी विनोद साहू, बिलासपुर जिला अध्यक्ष सुनील यादव, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष प्रहलाद साहू, रायगढ़ जिला अध्यक्ष नंदलाल चंद्रा सहित पूरे प्रदेश के पदाधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

## दल्ली राजहरा आईटीआई में मना युवा दिवस

**दल्लीराजहरा।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्ली राजहरा में स्वामी विवेकानंद जयंती और युवा दिवस कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर स्वामी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त किया गया। संस्था की प्राचार्य कुसुम साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी की एक जीवन सूत्र है, उठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक की लक्ष्य प्राप्त न हो जाए के माध्यम से प्रेरणा और अपने जीवन लक्ष्य को



दृष्टिगत रखते हुए पूरी लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण अधीक्षक केके दुबे ने कहा कि जीवन में समय का सुनियोजित रुप से उपयोग करते हुए, चुनौतियों का सामना करते हुए, अपने अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रशिक्षण अधिकारी विरेंद्र कुमार बघेल ने कहा कि हम ईश्वर के संतान हैं, उन्ही तरह हमारे अन्दर अदम्य साहस, अनन्त ऊर्जा विद्यमान है उसे जगाने की आवश्यकता है। युवाओं के अन्दर उपलब्ध शक्ति का उपयोग नकारात्मक कार्यों से हटा कर सकारात्मक बदलाव की दिशा लगाए तो हम सुख, शान्ति और वैभवशाली जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षण अधिकारी शिल्पी वर्मा, ताकेश कुमार, शिवेंद्र कुमार यादव, टिकेश्वर साहू, फनील साहू, प्रवीण कुमार सिन्हा, गीतू गौतम, अरुण कुमार का सहयोग रहा।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में हुआ युवा उत्कर्ष कार्यक्रम



अखिल विश्व गायत्री परिवार मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित देव संस्कृति विश्वविद्यालय के तीन महीने की इंटर्नशिप पर आये हुए तीन योगाचार्य छात्रों द्वारा विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा उत्कर्ष के रूप में जिला के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला, बघमरा, पाररास, बिरेतरा में विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद को अपने जीवन का आदर्श मानने व उनके सिद्धांत पर चलने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवा से सबल राष्ट्र, स्वावलंबी युवा से संपन्न राष्ट्र, शालीन युवा से श्रेष्ठ राष्ट्र व सेवाभावी युवा से सुखी राष्ट्र का निर्माण होगा। इंद्रीय संयम, अर्थ, समय व विचार संयम के लिए गायत्री मंत्र के साथ नित्य सूर्य का ध्यान करने से बुद्धि पवित्र होती है, मन में एकाग्रता आती है, जीवन शैली सुन्दर बनती है। समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी व बहादुरी के सूत्र को प्रत्येक युवाओं को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान समय में विश्व सबसे ज्यादा युवाशक्ति हमारे भारत देश में है, युग निर्माण योजना, विचार क्रांति अभियान के तहत इसी युवा वर्ग का सुनियोजन विभिन्न युवा जागरण शिविर के माध्यम से हमेशा सकारात्मक सोच से जुड़ने अखिल विश्व में गायत्री परिवार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**नशामुक्त चरित्रवान बनने की दी प्रेरणा-** ब्लाक समन्वय लोचन लाल साहू ने युवाओं को नशा मुक्त, चरित्रवान, देशभक्त बनने की बात कही। योग प्राणायाम को अपने नित्य प्रति जीवन में शामिल करने से हमेशा निरोग रहा जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्टी कमलनारायण साव, श्यामबिहारी राजपूत, टीआर साहू व विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकों का बहुत ही अच्छा सहयोग रहा।

